# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रूखाबाद–209601
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 5903/ कार्य-9 / 188 दिनांक 7-9-26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "राहगीरों, स्कूली बच्चों के लिये खतरा, मरम्मत की मांग" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के अंक में प्रकाशित खबर **"राहगीरों, स्कूली बच्चों के लिये खतरा, मरम्मत की मांग"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज–03 ) के अन्तर्गत पेयजल योजना के निर्माण कार्य कराये जा रहे है ग्राम नगला कटरा रहमत खां विकासखण्ड–कायमगंज में उच्च जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पम्प हाउस पूर्ण, 8170 मी0 प्रस्तावित वितरण प्रणाली के सापेक्ष 8170 मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण, 548 नग प्रस्तावित गृहजलसंयोजन के सापेक्ष 548 नग गृहजलसंयोजन दिये गये है। वर्तमान ग्राम नियमित पेयजलापूर्ति सुचारू है।

अतः उक्त ग्राम में स्लूस वाल्व चैम्बर का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है परन्तु स्लूस वाल्व चैम्बर बनाने हेतु तोड़ी गई सड़क पर कुछ मरम्मत का कार्य अवशेष है जिसको पूर्ण करने हेतु कार्यदायी फर्म मै0 वी0टी0एल0 गजा द्वारा 03 दिवस में अवशेष कार्य को पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया है।

**आख्या सादर प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d letter EE 7

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मरोनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 5903 / कार्य-9 / 188 दिनांक 7-9-26

सेवा में,
मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "राहगीरों, स्कूली बच्चों के लिये खतरा, मरम्मत की मांग" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के अंक में प्रकाशित खबर **"राहगीरों, स्कूली बच्चों के लिये खतरा, मरम्मत की मांग"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज–03 ) के अन्तर्गत पेयजल योजना के निर्माण कार्य कराये जा रहे है ग्राम नगला कटरा रहमत खां विकासखण्ड–कायमगंज में उच्च जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पम्प हाउस पूर्ण, 8170 मी0 प्रस्तावित वितरण प्रणाली के सापेक्ष 8170 मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण, 548 नग प्रस्तावित गृहजलसंयोजन के सापेक्ष 548 नग गृहजलसंयोजन दिये गये है। वर्तमान ग्राम नियमित पेयजलापूर्ति सुचारू है।

अतः उक्त ग्राम में स्लूस वाल्व चैम्बर का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है परन्तु स्लूस वाल्व चैम्बर बनाने हेतु तोड़ी गई सड़क पर कुछ मरम्मत का कार्य अवशेष है जिसको पूर्ण करने हेतु कार्यदायी फर्म मै0 वी0टी0एल0 गजा द्वारा 03 दिवस में अवशेष कार्य को पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया है।

**आख्या सादर प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।


**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 7

Scanned with OKEN Scanner

# कायमगंज में जल जीवन मिशन की पटिया क्षतिग्रस्त: राहगीरों, स्कूली बच्चों के लिए खतरा, मरम्मत की मांग

**मोहम्मद अमान खान | पितौरा( कायमगंज), फर्रुखाबाद**
20 दिन पहले



कायमगंज के कटरा रहमत खां में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन के चैंबर पर बनी पटिया क्षतिग्रस्त हो गई है। नई बस्ती से अताईपुर जाने वाले संपर्क मार्ग पर यह टूटी हुई पटिया राहगीरों और स्कूली बच्चों के लिए खतरा बनी हुई है। इस मार्ग पर दिनभर स्कूली बच्चों, मोटरसाइकिल सवारों और बड़े वाहनों का भारी आवागमन रहता है। सड़क किनारे पड़ी यह क्षतिग्रस्त पटिया किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जल जीवन मिशन के कार्य के दौरान बनाई गई यह पटिया अब टूट चुकी है। इसके बावजूद, संबंधित विभाग के अधिकारियों ने अभी तक इसकी मरम्मत कराने पर ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीण अनस खान, मनोज कुमार, शाहज़ेब खान और शाबान खान ने बताया कि सुबह और दोपहर के समय इस मार्ग पर स्कूली बच्चों की संख्या अधिक होती है। मोटरसाइकिल, कार, ट्रैक्टर और अन्य बड़े वाहन भी लगातार गुजरते हैं, जिससे जोखिम बढ़ जाता है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते क्षतिग्रस्त पटिया की मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जल जीवन मिशन के अधिकारियों से तत्काल मौके का निरीक्षण कर पटिया को दुरुस्त कराने की मांग की है। उनका कहना है कि विभाग को किसी अनहोनी का इंतजार किए बिना समस्या का समाधान करना चाहिए। इस संबंध में अवर अभियंता (जेई) प्रेम मौर्य से बात की गई। उन्होंने बताया कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है। जेई मौर्य ने आश्वासन दिया कि यदि ऐसा मामला है, तो तत्काल संज्ञान लेकर निर्माण कार्य कराया जाएगा ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

Scanned with OKEN Scanner